महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से पूर्व से सम्बद्ध समस्त,
डिप्लोमा इन फार्मेसी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2023 / 3150 **लखनऊ:दिनांक–** 03-08-2023

विषयः– सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / परिषद / 2023 / 2648 दिनांक 13–7–2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2023–24 हेतु परिषद से पूर्व से सम्बद्ध संस्थानों को ए0आई0सी0टी0ई0 / पी0सी0आई0 द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन विस्तार के कम में परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने हेतु यू0राईज पोर्टल के माध्यम से दिनांक 14–7–2023 से 20–7–2023 के मध्य आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

कतिपय डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान अपरिहार्य कारणोंवश सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन नहीं कर सके, एवं उनके द्वारा आवेदन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

संस्थाओं द्वारा किये गये अनुरोध एवं दिनांक 02–8–2023 को आहूत सम्बद्धता समिति की बैठक में समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुकम में एक पुनः अवसर प्रदान करते हुए सत्र 2023–24 हेतु पूर्व से सम्बद्ध डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाओं को परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान किये जाने के संबंध में **दिनांक 03–8–2023 से दिनांक 05–08–2023 तक यूराईज पोर्टल** के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यू–राईज पोर्टल पर अपनी संस्था के su login के माध्यम से संस्था संबंधी सूचनाओं की त्रुटिरहित प्रविष्टि करते हुए सत्र 2023–24 हेतु पी0सी0आई0 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन पत्र की स्पष्ट एवं प्रमाणित प्रति **(pdf** format) को दिये गये लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि **05 अगस्त 2023** तक ही आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। यह भी अवगत कराना है कि इस संबंध में ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

उपरोक्त निर्धारित तिथि **05 अगस्त 2023** तक आवेदन करने के उपरांत संस्था द्वारा निरीक्षण शुल्क **रू0 15000 / – (रू0 पन्द्रह हजार मात्र)** की धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो **सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ** के नाम देय होगा एवं यू–राईज पोर्टल पर किये गये आवेदन पत्र की प्रमाणित प्रति (अनुमोदन पत्र सहित) परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 10–8–2023 तक जमा किया जायेगा।

उपरोक्त तिथि तक आवेदन न किये जाने एवं निरीक्षण शुल्क रू0 15000 / – का डिमाण्ड ड्राफ्ट स–समय परिषद कार्यालय को जमा न किये जाने की स्थिति में सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

भवदीय,

03/08/23

(अजीत कुमार मिश्र)
I/c सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2023 / 3151-55 **तददिनांक–** 03-08-2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. निदेशक, आई0आर0डी0टी0, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।
5. नोडल अधिकारी, यू0राईज पोर्टल को उपरोक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
I/c सचिव